# द्वितीय पी.यू.सी. द्वितीय लघु परीक्षा दिसंबर–2023

समय : 1 घंटे 30 मिनट | हिन्दी (03) | कुल अंक : 40

सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

**I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **5x1=5**

1) किस नदी में भयंकर बाढ़ आती थी ?
i) कावेरी ii) मूसी iii) गोदावरी iv) कृष्णा

2) सभी देसी स्त्रियों की आराधना का केन्द्र कौन बनी हुई थी ?
i) शामनाथ की पत्नी ii) शामनाथ की माँ iii) मेम साहब iv) देसी अफसर की पत्नी

3) कवि ने बूढ़ा चौकीदार किसे कहा है ?
i) दोस्त ii) वृक्ष iii) घर iv) दुश्मन

4) भारवि से मिलने आयी स्त्री का नाम लिखिए।
i) आभा ii) सुशीला iii) भारती iv) बेला

5) भारवि के अनुसार क्या जघन्य पाप है ?
i) असत्य बोलना ii) सेवा करना iii) सहायता करना iv) आत्महत्या करना

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

6) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।
7) विश्वेश्वरय्या के गुण स्वभाव का परिचय दीजिए।
8) शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे ?

**इ) निम्नलिखित में से किसी एक का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **1x3=3**

9) मेरी माँ गाँव की रहनेवाली है। उमर भर गाँव में ही रही है।
10) तो मैं बना दूँगी, बेटा, जैसे बन पड़ेगा बना दूँगी।

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x3=6**

11) बिहारी ने दोनों कनक के संबंध में क्या कहा है ?
12) वृक्ष न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गये ?
13) राजस्थान की वीरता के संबंध में 'मानव' के क्या विचार हैं ?

**आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **1x4=4**

14) समै–समै सुंदर सबै, रूप कुरूप न कोई।
मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होई।

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :** **1x5=5**

15) ग्लानि और जीवन के संबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं ?
16) भारवि ने अपने पिता से किस प्रकार का दंड चाहा और उसे क्या दंड मिला ?

(P.T.O)

IV अ) **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :** **4x1=4**

17) i) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ।

ii) मेरे पास केवल मात्र पचास रूपए है।

iii) यह किताब किसका है ?

iv) तुम तुम्हारे घर जाओ।

आ) **निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **3x1=3**

18) i) लड़कियाँ फूल चुनेंगी। **(वर्तमानकाल में लिखिए)**

ii) जनसंख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। **(भूतकाल में लिखिए)**

iii) मीरा आँसू बहाती है। **(भविष्यत् काल में लिखिए)**

इ) **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** **4x1=4**

19) i) जहाँ पहुँचना कठिन हो।

ii) जो साथ पढ़ता हो।

iii) अवसर के अनुसार बदलनेवाला।

iv) कम जाननेवाला।

*****